पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

प्रेस विज्ञप्ति

विभिन्न थाना क्षेत्रों से वांछित में कुल 03 अभियुक्त गिरफ्तार।

दिनांक 05.07.2024

दिनांक 04/05.07.2024 को थाना गाजीपुर 01, चौक 01, बीकेटी 01, अभियुक्त गिरफ्तार। इस प्रकार वांछित में कुल 03 अभियुक्त गिरफ्तार।

भादवि

थाना काकोरी- दिनांक 05.07.2024 को थाना काकोरी द्वारा बताया गया कि वादिनी श्रीमती मीना पत्नी श्री संजीव कनौजिया निवासी ग्राम सकरा थाना काकोरी जनपद लखनऊ ने थाना काकोरी पर सूचना दिया कि दिनांक 03.07.2024 को बीती रात वादिनी अपने मकान का ताला बन्द करके अपने परिवार के लोग के साथ अपनी ससुराल मल्लावा जनपद हरदोई वर्थ डे पार्टी में चले गये थे। दिनांक 04.07.2024 को प्रातः 7.30 बजे जब वादिनी वापस अपने निवास स्थान घर के अन्दर आयी तो पता चला आंगन पर ग्रील का ताला तोड़ कर कुछ अज्ञात चोरों द्वारा वादिनी के घर के कमरे रखी अलमारी से नगदी और ज्वैलरी को चोरी का लिया है। **इस सूचना पर थाना काकोरी पर मु0अ0सं0- 161/2024 धारा- 305/331(4) बी0एन0 एस0 का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**

थाना विभूतिखण्ड- दिनांक 05.07.2024 को थाना विभूतिखण्ड द्वारा बताया गया कि वादी श्री बिहारी गौतम पुत्र स्व0 श्री सुदर्शन गौतम निवासी 3/87 विजयन्तखण्ड, विभूतिखण्ड लखनऊ ने थाना विभूतिखण्ड पर सूचना दिया कि वादी अपने बेटी दामाद के पास 3/87 विजयन्त खण्ड गोमतीनगर चिनहट आया था। वादी स्थायी रुप से कटनी मध्य प्रदेश का निवासी है। दिनांक 13.06.2024 को सांय 5.00 बजे एक अज्ञात कॉल वादी के मोबाइल पर आयी। कॉल करने वाले ने अपने आप को पीसी वाष्र्णेय बताया जोकि वादी के मित्र है। वह उनकी आवाज में ही बात कर रहा था। उसने बताया कि मेडिकल इमरजेन्सी है मुझे तत्काल एक लाख रुपये चाहिये, मैंने एक बार में उसके बताये गये एकाउन्ट में 45,000/-रुपये और दूसरी बार में 52,000/- रुपये भेज दिया। अज्ञात कॉलर वादी से और रुपये भेजने का दबाव बनाने लगा। जिस पर वादी को शक होने लगा और वादी ने और रुपये नहीं भेजा। शक होने पर वादी ने पीसी वाष्र्णेय के नम्बर पर फोन लगाया। थोड़ी देर बात उन्होंने वादी को फोन कर बात किया और कहा कि मैंने न तो कोई फोन किया और न ही कोई रुपये मांगे। जिस पर वादी ने अपना एकाउन्ट चेक किया तो कुल 97000/- रुपये का फ्राड हो चुका था। फ्राड काल करने वाले का नम्बर 8602567521 है। जिसमें रुपये गया उसका एकाउंट नम्बर ट्रान्जेक्शन नम्बर क्रमश-416514318244 एवं 416514727266 है। इसे वादी ने अपने गूगल पे से पेमेन्ट किया है। **इस सूचना पर थाना विभूतिखण्ड पर मु0अ0सं0- 220/2024 धारा- 4717/420 भादवि का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**